भामाशाहों से शहरी क्षेत्र के विकास में भागीदारी का आव्हान

- मेरी मातृभूमि-मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत प्रशासन भामाशाह समन्वय संवाद कार्यक्रम आयोजित
- अस्पतालों, स्कूलों, उद्यानों, चौराहों और सर्कल्स के सुदृढ़ीकरण, खेल सुविधा विकास, पौधारोपण जैसे कार्यों में मदद की अपील

'मेरी मातृभूमि-मेरी जिम्मेदारी' अभियान के तहत प्रशासन भामाशाह समन्वय संवाद कार्यक्रम को विधायक जेठानंद व्यास ने संबोधित किया।

बीकानेर,(कासं)। मेरी मातृभूमि-मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत प्रशासन भामाशाह समन्वय संवाद रविवार को जिला उद्योग संघ सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान उद्योगपतियों ने शहरी क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का विश्वास दिया। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने इनसे जुड़ी सभी औपचारिकताएं प्राथमिकता से करवाने की प्रतिबद्धता जताई।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास की पहल पर शुरू हुए अभियान के दौरान पहली बार सौ से अधिक भामाशाह और सरकारी अधिकारी एक मंच पर जुटे। विधायक ने कहा कि अगले पांच वर्षों में शहर में विकास के नए सौपान तय करने हैं। इसमें भामाशाहों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण होगी। इसके मद्देनजर उन्होंने भामाशाहों का आव्हान किया कि शहरी क्षेत्र के अस्पतालों, स्कूलों, उद्यानों, चौराहों और सर्कल्स के सुदृढ़ीकरण, खेल सुविधा विकास, पौधारोपण जैसे कार्यों में मदद करें।

उन्होंने कहा कि यहां नए उद्योग स्थापित हो, इसके लिए सभी सरकारी औपचारिकताएं प्राथमिकता से करवाई जायेगी। भामाशाहों द्वारा करवाए जाने वाले कार्यों के लिए आवश्यक प्रशासनिक अथवा सरकारी अनुमति प्राथमिकता से दिलवाई जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में सभी आधुनिक सुविधाएं और जांच उपकरण मुहैया करवाए जायेंगे। सरकारी फंड के साथ सांसद एवं विधायक कोटे से संसाधन बढ़ाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि बीकानेर के भामाशाह देशभर में आर्थिक सहयोग कर रहे हैं।

बीकानेर को भी इनका लाभ मिले, इसके लिए आवश्यक अनुमति के लिए इन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े, इसके लिए एकल खिड़की की तर्ज पर आवश्यक व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बीकानेर की दानशील प्रकृति के बारे में बताया और कहा कि युवाओं को इस परंपरा को आगे बढ़ाना है।

जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष और अभियान के प्रवासी समन्वय प्रभारी द्वारका प्रसाद पचीसिया ने कहा कि विधायक की पहल पर चला यह अभियान भामाशाह और प्रशासन के बीच सेतू का काम करेगा। उन्होंने कहा कि बीकानेर के उद्यमी देश और दुनियां में अपनी छाप छोड़ चुके हैं। अभियान से इसकी राह आसान होगी। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत देश के अलग-अलग कोने में रहने वाले बीकानेर वासियों से संपर्क किया जायेगा।

समाजसेवी और अभियान के कार्य चिन्हीकरण समिति के प्रभारी राजेश चूरा ने कहा कि बीकानेर भामाशाहों और दानदाताओं की भूमि है। सहयोग यहां की प्रवृति में है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जाने योग्य कार्यों को चिन्हित किया गया है। कार्यों की यह सूची भामाशाहों के समक्ष रखी जायेगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) उम्मेद सिंह रतनू ने विश्वास दिलाया कि प्रशासनिक स्तर पर प्रत्येक कार्यवाही को सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जायेगा।

तंबाकू उत्पादों से नुकसान की जानकारी दी

बीकानेर,(कासं)। अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस जन जागरूकता पखवाड़ा के तहत शनिवार को पीबीएम अस्पताल के मानसिक रोग एवं नशा मुक्ति विभाग व व्यसन उपचार केन्द्र में जिला क्षय व एडस कन्ट्रोल अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर मोदी द्वारा कोटपा एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने इस कानून की चार धाराओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक्ट की धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है तथा धारा 5 के तहत तंबाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष विज्ञापन पर प्रतिबंध हैं। विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ गोपाल गोयल ने बताया कि गत 10-15 सालों में नशे की समस्या बढ़ी है। उन्होंने बताया कि तम्बाकू में मौजूद निकोटीन अत्यधिक नशे की लत है और नशे का उपयोग हृदय और श्वसन संबंधी बीमारियों का मुख्य कारण है। इसके अतिरिक्त 20 से अधिक विभिन्न प्रकार के कैंसर या कई अन्य दुर्बल करने वाली स्वास्थ्य स्थितियों के लिए एक प्रमुख कारण हैं। उन्होंने तम्बाकू सेवन के दुष्परिणाम के बारे में बताया और कहा कि तम्बाकू के सेवन से मुख, गला, फेफडा, खाद नली, गुर्दे आदि स्थानों में कैंसर पैदा कर सकते है। विभाग के आचार्य डॉ. हरफूल सिंह ने सार्वजनिक स्थान पर तम्बाकू को रोकने तथा तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में चर्चा की।

सार-समाचार

बच्चों ने किया योग का अभ्यास

बाबा रामदेव पार्क में योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर में बच्चों ने योग का अभ्यास किया।

बीकानेर,(कासं)। युवा भारत पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अवकाश में बाबा रामदेव पार्क में 12 मई से अनवरत चल रहे निःशुल्क योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर में लगातार अब भी सैकड़ों युवा व बच्चे सम्मिलित हो रहे हैं। संचालक नंदकिशोर गहलोत व युवा प्रभारी भवानी शंकर सांखला के निर्देशन में चलने वाले इस शिविर में विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसके तहत सभी वर्ग के बालक- बालिकाओं हेतु विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन चल रहा है। नित्य विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों के भीतर उत्साहवर्धन किया जा रहा है। योग एवं प्राणायाम के साथ विभिन्न आसनों का अभ्यास बच्चों व युवाओं को कराया जा रहा है। स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रकार के स्वदेशी खेलकूद की गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। जन जागरूकता रैली के माध्यम से नशा मुक्ति, योग प्रेरणा, पर्यावरण संरक्षण जैसे विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता रैलियों का आयोजन कर बच्चों व युवाओं के माध्यम से आमजन को जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। 25 जून को समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा जिसमें नित्य प्रतिभागी सैकड़ों बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया जायेगा।

बैचलर डिग्री सेलिब्रेशन कार्यक्रम

बीकानेर,(कासं)। बिनानी कन्या महाविद्यालय की बीए, बीकॉम, बीसीए तथा बीएससी की स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं को सम्मानित करने के लिए महाविद्यालय में आज बैचलर डिग्री सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर महाविद्यालय की तीन पूर्व छात्राएं जो राजकीय सेवा में कार्यरत हैं को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में रामकुमार व्यास ने कहा कि विषय का चयन ही सिर्फ सफलता नहीं देता बल्कि पूर्ण मनोयोग के साथ उसका अध्ययन करना भी जरूरी है तभी हम सफल हो सकते हैं। राजकीय मांडी बाई मिर्धा महाविद्यालय नागौर में सहायक आचार्य अंग्रेजी में कार्यरत अनुराधा छंगाणी, डीएसओ कलेक्टर बीकानेर में कार्यरत प्रीति कुलरिया तथा राजकीय बारह गुवाड़ स्कूल में कंप्यूटर अनुदेशक पद पर कार्यरत अंजली आचार्य को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति सचिव गौरीशंकर व्यास थे। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्प सुमन अर्पण कर की गई। उसके बाद संगीत विभाग की छात्राओं ने इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर ना हो प्रार्थना की स्वर लहरियों के साथ किया। सहायक आचार्य अनुराधा छंगाणी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लड़कियों के लिए समाज में अनेक प्रतिबंध व पूर्वाग्रह है लेकिन उन्हें अपनी लड़ाई स्वयं लड़नी है। यदि वे मन में प्रतिबद्धता रखें तो कोई कर्म दुष्कर नहीं है। कंप्यूटर अनुदेशक अंजली आचार्य ने कहा कि मेरा सपना था कि मैं राजकीय सेवा में जाऊं और स्वयं के पैरों पर खड़ी हो लेकिन सपना देखना तो सरल है किंतु उससे निभाना कठिन है लेकिन कठिनाई को लांघने का नाम ही सफलता है।

जेवर व 2.75 लाख रूपए चोरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। चूनावढ़ कस्बे के वार्ड नंबर 10 में चोरी की बड़ी वारदात हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। पुलिस जानकारी के अनुसार देर रात एक बजे के बाद चोरों ने एक घर में 18 तोला सोना व कुछ चांदी के जेवरात और 2 लाख 73 हजार नकदी व जरूरी कागजात चोरी कर लिए। सूचना मिलने पर पुलिस थाना चूनावढ़ के थाना अधिकारी राजीव रायल ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया है। इस संबंध में बलदेव पुत्र कृष्ण लाल सिहाग ने पुलिस थाना चूनावढ़ अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। जांच अधिकारी चूनावढ़ थाना एसएचओ ने बताया कि चोरी के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा। थाना प्रभारी ने मौका मुआयना कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला है लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस के अनुसार वार्ड 10 में बलदेव पुत्र कृष्ण लाल सिहाग के घर अज्ञात चोरों ने अपने हाथ साफ किए। जिनके घर में चोरी हुई वह परिवार घर में सो रहा था। घर में 7 बड़े व 3 बच्चे थे। परिवार को इस चोरी होने के घटना के बारे में सुबह 5 बजे पता लगा। मकान मालिक की पत्नी सुबह चाय बनाने के लिए उठी तो घर के कमरे में सामान बिखरा हुआ मिला। एमओबी व एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। चोर घर सीढियों से घर में घुसे और कमरे में बनी आलमारी का ताला तोड़कर॰वारदात को अंजाम दिया।

युवक-युवती ने जमकर पीटा

हनुमानगढ़, (कासं)। कॉलोनी में संदिग्ध समझकर एक मकान के पीछे खड़ी बाइक तथा युवक की फोटो खींचना बुजुर्ग को महंगा पड़ गया। संदिग्ध युवक तथा मकान में रहने वाली युवती ने बुजुर्ग को पीट दिया। पीड़ित ने युवक-युवती पर चिट्टा विक्रय का धंधा करने का आरोप लगाते हुए जंक्शन थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार प्रहलाद राय (75) पुत्र श्योकरणराम तरड़ निवासी मन्नीवाली पीएस सादुलशहर हाल सेक्टर नौ जंक्शन ने रिपोर्ट दी कि जल संसाधन विभाग की कॉलोनी के एक क्वार्टर में विभाग के दिवंगत ड्राइवर की बेटी किरण देवी रहती है। वह चिट्टे सहित अन्य नशीले पदार्थ विक्रय का काम करती है। उसके पास असामाजिक तत्वों तथा संदिग्ध लोगों का आना-जाना लगा रहता है। किरण देवी के पास जो लोग आते हैं, वे अपने वाहन उसके घर के पास खड़े कर देते हैं। संदिग्ध युवक वे किरण देवी ने उससे मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाई।

40 हजार का इनामी बदमाश प्रदीप भुवाल रिमांड पर

- आठ महीने तक गाड़ियों में ही रहा, झाड़ियों में रात गुजारता रहा बदमाश प्रदीप भुवाल

बीकानेर,(कासं)। प्रदेश के मोस्ट वांटेड अपराधियों की फेहरिस्त में शामिल 40 हजार के इनामी बदमाश पांचू के सांईसर निवासी प्रदीप भुवाल पुत्र सहीराम बिश्नोई को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया।

जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि एक महीने की मशक्कत के बाद जसरासर थाना पुलिस और साइबर सेल ने बदमाश को कोलायत तहसील क्षेत्र से दबोचा। उसके कब्जे से एक पिकअप गाड़ी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त, 2023 को राष्ट्रीय राजमार्ग 62 से कुछ दूरी पर दस चक्का ट्रक से जब्त 85 थैले डोडा-पोस्त की खेप प्रदीप भुवाल ने ही मंगवाई थी। ट्रक जब्त होने के बाद से वह फरार था।

हाल ही में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध शाखा) दिनेश एम.एन. की ओर से राज्य स्तर के टॉप-25 बदमाशों की सूची जारी की गई, जिसमें बीकानेर के तीन बदमाश थे। प्रदीप भुवाल उसमें से एक है।

पुलिस अधीक्षक गौतम ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से 28 मई, 24 को फरार बदमाशों की सूची मिली। इसके बाद बदमाशों को पकड़ने के लिए साइबर सेल के दीपक यादव एवं जसरासर थानाधिकारी संदीप बिश्नोई के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई। करीब 25 दिन की मेहनत के बाद 40 हजार के इनामी बदमाश प्रदीप को खींदासर-हदां की रोही से दबोच लिया गया। पुलिस अधीक्षक गौतम ने बताया कि बदमाश बेहद शातिर है। वह सोशल मीडिया से किसी ही तरह से संपर्क में नहीं था। आठ महीने से गाड़ियों में इधर-उधर भटक रहा था। गांव-ढाणियों व रोही में रहता। अंधेरे में सफर करता। रात झाड़ियों के बीच गुजारता। शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रदीप कोलायत तहसील क्षेत्र में आया हुआ है। पिकअप गाड़ी में ही रहता है। सुबह पूरी तैयारी के साथ पुलिस खींदासर-हंदा गांव की रोही में पहुंची। करीब तीन घंटे इंतजार करने के बाद प्रदीप लघुशंका के लिए गाड़ी से नीचे उतर कर सड़क किनारे गया तब पुलिस ने काबू में लिया।

बदमाश प्रदीप पर बीकानेर सहित नागौर, जोधपुर और अजमेर में विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास और एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज हैं। बीकानेर के पांचू, कोटगेट, नोखा, कोलायत, नागौर के मेड़ता सिटी, पाली के आनंदपुर, जोधपुर के भोजासर और उदय मंदिर, अजमेर के पीसांगन में मामले दर्ज हैं। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में पांचू थानाधिकारी रामकेश, एएसआई दिलीप सिंह, हवलदार महावीर, सिपाही लखविन्द्र, श्रीराम, सूर्यप्रकाश आदि शामिल थे।

घरों में जाकर पानी की सप्लाई जांची

हनुमानगढ़, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों में जिला प्रशासन पेयजल, विद्युत और चिकित्सा सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए मुस्तैद है।

इसी सिलसिले में जिला कलेक्टर कानाराम ने शनिवार सुबह भादरा में विभिन्न कार्यालयों, चिकित्सालयों का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने भादरा में घरों में जाकर पानी सप्लाई चैक किया। भादरा में पीएचईडी की दो डिग्गीयों का औचक निरीक्षण किया।

शनिवार को जोगीवाला स्थित कृषि महाविद्यालय, सागड़ा स्थित वाटर वर्क्स की डिग्गी, सिद्धमुख ब्रांच और अमरसिंह ब्रांच जीरो आरडी तथा 19 आरडी, भादरा में गौशाला निर्माण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर भादरा की विवेकानंद सेवा समिति ने जिला कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भेंट किया। उप जिला चिकित्सालय भादरा में विभिन्न वार्डों में व्यवस्थाओं को जांचा। कानाराम ने अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का तुरंत निस्तारण करने की नसीहत दी।

ग्रामीण फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर !

- पूगल उपखंड क्षेत्र के गांवों में डिग्गियों में कई वर्षों से सफाई भी नहीं हुई है, जिससे ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं

बीकानेर,(कासं)। पूगल उपखंड मुख्यालय के चार हजार से अधिक ग्रामीण पिछले कई वर्षों से फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर है।

कस्बे सहित उपखंड क्षेत्र के कई गांवों में पीने के पानी की समस्याएं बनी है। कई गांवों में डिग्गियों में कई वर्षों से सफाई भी नहीं हुई है, जिससे ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। लम्बे समय से डिग्गियां खाली रहने से झाड़ झंखाड़ उग चुके हैं और डिग्गियां जगह जगह से टूट चुकी हैं।

पूगल वाटर वर्क्स में पेयजल की तीन डिग्गियां बनी है। इनमें से एक डिग्गी क्षतिग्रस्त हो रखी है जिसे अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया है तथा दो डिग्गियों में काई जमी है और मछलियां व पक्षी मरे पड़े हैं। जिससे सप्लाई देने पर पानी संधाड़ मारता है। यहां फ्लोराइड युक्त पानी पीने को लोग मजबूर है। इससे छोटे से लेकर बुजुर्ग घुटनों, जोड़ों, पेट दर्द आदि बीमारी से ग्रस्त हैं।

समाजसेवी रामकुमार जांगू ने बताया कि पूगल में फ्लोराइड युक्त पानी पीने से बीमारियां बढ़ी है। नहर का पानी पूगल में यूं भी सप्लाई नहीं हो पाता है। जब तक मुख्य नहर से 12 इंच की पाइपलाइन नहीं डाली जाती है, तब तक यही समस्या बनी रहेगी।

उपखंड मुख्यालय पर जलदाय विभाग व ठेकेदारों की लापरवाही से विभिन्न मोहल्लों में पानी के फर्जी कनेक्शन हो रखे हैं। जगह- जगह पाइप लाइन में लीकेज हो रखा हैं। इस संबंध में कई बार अवगत करवाने पर कोई सुध नहीं ले रहा हैं। इससे टेल के उपभोक्ताओं को मजबूरन पैसे देकर पानी के टैंकर डलवाने पड़ रहे हैं। पानी की सप्लाई समय पर नहीं दे रहे है।

युवक पर धारदार हथियारों से हमला

- युवक को मरा हुआ समझकर हमलावर भागते समय अपनी एक बाइक मौके पर ही छोड़ गए

हनुमानगढ़, (कासं)। दूध लेकर घर लौट रहे युवक पर बाइक सवार तीन जनों ने धारदार हथियार व लाठी-डण्डों से हमला कर घायल कर दिया। हमलावर भागते समय अपनी एक बाइक मौके पर ही छोड़ गए।

इस संबंध में सदर थाने में कई जनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। मिठू सिंह पुत्र इन्द्रसिंह बावरी निवासी वार्ड 21, डबलीबास मौलवी ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि 18 जून की शाम उसका पुत्र सतनाम सिंह अपने चाचा के लड़के गुरप्रीत सिंह के साथ दूध लेकर घर आ रहा था।

रास्ते में तीन बाइकों पर कलवन्त सिंह उर्फ टुलू पुत्र भगवान सिंह बावरी निवासी वार्ड 1, मौलवीबास डबलीराठान सहित नौ जने आए। उनके हाथों में कृपाण, लाठी व डण्डे थे। आरोपियों ने सतनाम व गुरप्रीत पर हमला कर दिया। गुरप्रीत सिंह तो किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग निकला। कलवन्त सिंह ने उसके पुत्र सतनाम के सिर पर कृपाण से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसको मरा हुआ समझकर भाग गए।

जाते समेय हमलावर अपनी एक बाइक भी मौके पर छोड़ गए। घायल सतनाम का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। मामले की जांच डबलीराठान पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई विजय सिंह कर रहे हैं।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी

बीकानेर,(कासं)। मुक्ता प्रसाद नगर पुलिस थाना क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है।

दरअसल यह मामला इस्तगासे के जरिए पुलिस थाने में दर्ज किया गया है। घटनाक्रम 25 दिसम्बर 2023 से 11 मई 2024 का बताया जा रहा है। इस्तगासे में सैटेलाइट अस्पताल क्षेत्र निवासी मोहम्मद अयूब पुत्र मोहम्मद हुसैन ने सर्वोदय बस्ती निवासी वसीमराजा पुत्र मोहम्मद रफीक व दो-तीन अन्य पर आरोप लगाये है। इस्तगासे में बताया गया कि आरोपी को वह जानता है। इसी दौरान आरोपी ने विदेश जाने के लिए व्यवस्था करने की बात उससे कही। आरोपी ने उससे पैसे लिए और बदले में फर्जी वीजा थमा दिया। मोहम्मद अयूब को जब फर्जी वीजा के बारे में जानकारी मिली तो उसने अपने पैसे वापस मांगे। इस पर आरोपी ने पैसे देने से इनकार कर दिया।

50 बीघा भूमि पर 50 करोड़ की लागत से बनेगा खेल मैदान

- खेल मैदान के लिए सक्षम स्तर पर अनुमति की प्रक्रिया प्रगतिरत है, हाथों हाथ आये कई प्रस्ताव

बीकानेर,(कासं)। उद्यमी अशोक मोदी ने बताया कि उनके द्वारा 50 बीघा भूमि पर लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से खेल मैदान बनाया जायेगा। इसके लिए सक्षम स्तर पर अनुमति की प्रक्रिया प्रगतिरत है।

उन्होंने यहां जनता क्लीनिक, प्राकृतिक, आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथ अस्पताल, प्राथमिक स्कूल, संस्कृत और इंग्लिश मीडियम स्कूल और अधिकारियों के लिए 8 कक्षों का अत्याधुनिक रेस्ट हाउस बनवाने का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि इनसे जुड़ी प्रशासनिक कार्यवाही प्राथमिकता से हो जाए। गौ संवर्धन व पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए 100 गायों को रखने का एक उच्च स्तरीय हाईटेक डेयरी फार्म बनाने, रेलवे फाटक की समस्या को दूर करने के लिए फड़ बाजार स्थित अपनी बीस हजार स्क्वायर फीट की भूमि सरकार को समर्पित करने की घोषणा की।

कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीकानेर कला केन्द्र नाम से लगभग एक हजार लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बड़ी पापड़ जैसे परंपरागत कार्यों को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष सेटअप लगाया जाए और खाद्य पदार्थों की जांच के लिए उच्च स्तरीय लैबोरेट्री प्रयोगशाला स्थापित करने का सुझाव दिया। सुनील पुरोहित ने सिने अभिनेता बी.एम. व्यास की स्मृति में शहर के किसी क्षेत्र में सिंहद्वार बनवाने की अनुमति चाही और कहा कि इस पर आने वाला समूचा व्यय उनके परिवार द्वारा वहन किया जायेगा।

बाबूलाल मोहता ने शहरी क्षेत्र के विकास में माहेश्वरी समाज के योगदान के बारे में बताया और कोठारी अस्पताल तिराहा से चुंगी चौकी तक सौंदर्यकरण कार्य हाथ में लिए जाने का प्रस्ताव रखा। वहीं मनोज बजाज, सुरेंद्र जैन, वीरेंद्र किराडू और ओम करनानी ने विभिन्न कार्यों की सहमति दी। इससे पहले विधायक ने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरूआत की।

स्वस्थ रहने के लिए साइक्लिंग एवं तैराकी सर्वश्रेष्ठ व्यायाम : डॉ. मेहता

- स्वास्थ्य, प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण साइकिल रैली का आयोजन

बीकानेर में भ्रमण पथ, मेजर पूरण सिंह सर्किल से राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र तक स्वास्थ्य, प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण साइकिल रैली निकाली।

बीकानेर,(कासं)। राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र बीकानेर एवं गुप्ता हेल्थ सिटी के तत्वावधान में आज प्रातः 5.30 बजे भ्रमण पथ, मेजर पूरण सिंह सर्किल से राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र तक 7 किलोमीटर की साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

साइकिल रैली की समापन सभा अश्व अनुसंधान केन्द्र के हर्बल गार्डन में रखी गई जिसको संबोधित करते हुई केन्द्र प्रभागाध्यक्ष डॉ एस. सी. मेहता ने कहा की साइक्लिंग एवं तैराकी ऐसे व्यायाम है। इससे दौरान शरीर का कोई भी अंग शिथिल नहीं रह सकता चाहे आपका मस्तिष्क हो, आंख, कान, नाक, हाथ, पैर, हृदय, लंग्स या कोई और अंग। इस प्रकार यह दोनों मानव के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यायाम हैं। उन्होंने आगे कहा की साइक्लिंग न केवल आपको स्वस्थ रखती है बल्कि यह कार्बन उत्सर्जन को कम करने एवं पेट्रोल -डीजल पर अपनी निर्भरता कम करने का कार्य भी करती है। उन्होंने इसे प्रकृति एवं पर्यावरण से जोड़ते हुए बताया कि जब हम अश्व अनुसंधान केन्द्र जैसे प्राकृतिक परिसर में अभी साइकिल चला रहे थे एवं जिस आनंद की अनुभूति हमको हो रही थी, क्या वह अदभुत एवं अतुलनीय नहीं थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुप्ता हेल्थ सिटी के सुरेश गुप्ता ने कहा कि पूरे दिन आप औरों के लिए जिए परंतु उसमें से दो घंटे अपने लिए निकालें एवं उसे शरीर को स्वस्थ रखने एवं प्रकृति व पर्यावरण को सुरक्षित एवं संवर्धित करने में लगाएं। उन्होंने नियमित व्यायाम पर जोर दिया एवं सकारात्मक ऊर्जा पैदा कर स्वस्थ रहने की बात कही। अश्व अनुसंधान केन्द्र में हुए कार्यक्रम का संयोजन डॉ जितेन्द्र सिंह ने किया एवं उन्होंने अश्वों की प्रकृति के बारे में विशिष्ठ जानकारी प्रतिभागियों को दी। शहर के बीस साइकिल प्रमियों ने यह 7 किलोमीटर की यात्रा की एवं परिचर्चा में उपने विचार रखे ।

जैन संस्कार विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी

शांति निकेतन में साध्वी चरितार्थ प्रभा व प्रांजल प्रभा के सानिध्य में तेरापंथ युवक परिषद की कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई।

बीकानेर,(कासं)। गंगाशहर तेरापंथ युवक परिषद की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह प्रातः 9:30 बजे शांति निकेतन में साध्वी चरितार्थ प्रभा व साध्वी प्रांजल प्रभा के सानिध्य में जैन संस्कार विधि द्वारा आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में संस्कारक धर्मेन्द्र डाकलिया, पवन छाजेड़, रतनलाल छलाणी, विनीत बोथरा, देवेंद्र डागा, विपिन बोथरा, भरत गोलछा, रोहित बैद ने कार्यक्रम को सम्पादित करवाया। और उपस्थित सभी जनों को जैन संस्कार विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तेरापंथ युवक परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष अरूण कुमार नाहटा ने नवगठित टीम को पद व संविधान की शपथ दिलवाई। महावीर फलोदिया ने अध्यक्ष, ललित राखेचा व देवेंद्र डागा ने उपाध्यक्ष, भरत गोलछा ने मंत्री, मांगीलाल बोथरा व ऋषभ लालाणी ने सह मंत्री, रोशन छाजेड ने कोषाध्यक्ष व रोहित बैद ने संगठन मंत्री के पद की शपथ ग्रहण की। अध्यक्ष फलोदिया 5 परामर्शक व कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की। निवर्तमान अध्यक्ष नाहटा द्वारा नव मनोनीत अध्यक्ष फलोदिया को दायित्व हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर साध्वी चरितार्थ प्रभा ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामना देते हुए कहा कि जहां संगठन होता है, वहां संविधान होता है। संविधान की प्रक्रिया में संगठन में नए-नए व्यक्ति आगे आकर समाज में कार्य करते हैं।